# FULL STOP - 17

➢➢ ब्राह्मण आत्मा **रीस** ( **RIVALRY = UNHEALTHY COMPETITION)** क्यों करती है ?

➽ _ ➽ जब दूसरों को हराने की भावना आती है ...

➽ _ ➽ जब सूक्ष्म शत्रुता का भाव होता है ..

➽ _ ➽ जब इर्ष्या / Jealousy की भावना होती है

➽ _ ➽ जब हम यह सहन नहीं कर पाते की कोई और आत्मा किसी क्षेत्र में मुझसे आगे निकल जाए

---

➢➢ ब्राह्मण आत्मा रीस ( RIVALRY ) कहाँ कहाँ करती है ?

➽ _ ➽ ज्ञान

→ ज्ञान सुनाने / लिखने में

→ ज्ञान चिंतन में

➽ _ ➽ योग

→ योग में दिखावा करना :- सुबह दूसरों से जल्दी उठकर दूसरों को दिखाना और अपने अहंकार की तृप्ति करना

→ मौन का आडम्बर करना ... पर अन्दर बहुत कुछ चल रहा होता है

➽ _ ➽ धारणा

→ "हम इस संसार के सबसे ज्यादा निरहंकारी लोग हैं" - यह भी अहंकार है

→ अगर कोई आपसे आकर कहे की उसके अन्दर आपसे जयादा निमित भाव है... और आपको अगर इससे ठेस पहुँचती है तो समझ लीजिये की आपका निमित भाव झूठा है

→ "योगी ने काम , क्रोध , लोभ , मोह को जीत लिया है" - इस बात का भी अहंकार हो जाता है

➽ _ ➽ सेवा

→ हमारा स्थान तुमसे ज्यादा बड़ा और अच्छा है

→ उनसे बड़ा मेला / CONFERENCE हम करेंगे

→ हमारे सेण्टर ज्यादा हैं

→ हमारे VIP STUDENTS ज्यादा हैं

→ हमारी क्लास ज्यादा बड़ी है

→ हमारी व्यवस्था ज्यादा अच्छी है

---

➢➢ हम रीस न करें , इसके लिए क्या करें ?

➽ _ ➽ सदा स्मृति में रखें :-

→ हर आत्मा का अपना अपना भाग्य है

→ हर आत्मा की अपनी अपनी प्रालब्ध है

→ हर आत्मा की अपनी विशेषता है

→ हर आत्मा की बोधिक क्षमता अपनी अपनी है

→ हर आत्मा की अपनी अपनी कमजोरी है

→ हर आत्मा के अपने अपने हिसाब किताब हैं

→ हर आत्मा की अपनी अपनी चुनोतियाँ हैं

→ हर आत्मा UNIQUE है

➳ _ ➳ प्रकृति से सीखें :-

→ घास कभी वृक्ष को देखकर उसके जैसा बनने की कोशिश नहीं करती

→ वृक्ष कभी घास को नीचा दिखाने की कोशिश नहीं करता

➳ _ ➳ वस्तुओं से सीखें :-

→ जो काम तलवार से हो सकता है, वह काम सुई से नहीं हो सकता

→ जो काम सुई से हो सकता है, वह काम तलवार से नहीं हो सकता

➳ _ ➳ दूसरी आत्माओं से प्रेरणा लें / सीखें / गुनग्राही बनें

→ पर उनसे इर्ष्या कर खुद को जलाए नहीं / खुद को दिन रात बेचैन न करें

➳ _ ➳ भावनाओं को दूषित होने से रोकें

→ योग अभ्यास तो हम ग्लोब को साकाश देने के लिए करते हैं पर साथ में रहने वाले के प्रति अपनी भावनाओ को दूषित होने से नहीं रोक पाते हैं

---

Avyakt Murli Refrence :- Page Number 18 - 19 Of Full Stop Book

---